<u>दिनाँक 13-07-2002 को प्रातः 11.00 बजे कुलपति कक्ष में सम्पन्न हुई योजना बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त</u>

उपस्थिति :

(1)	प्रोफेसर डी०पी० सिंह (कुलपति)	अध्यक्ष
(2)	प्रोफेसर बी०एन० गुप्ता	सदस्य
(3)	प्रोफेसर कपिल कुमार	सदस्य
(4)	प्रोफेसर पीयूष रंजन अग्रवाल	सदस्य
(5)	डॉ० ए०के० सिंह	सचिव

1. बोर्ड ने अपनी पिछली बैठक दिनाँक 02-06-2001 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

1.(क) बोर्ड को पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत कराया गया।

2. बोर्ड ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कुछ कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों में परिवर्तन/सशोधन सम्बन्धी प्रश्न पर विचार किया।

निश्चय किया कि इस विश्वविद्यालय द्वारा सामान्यतया उन्हीं पाठ्यक्रमों को संचालित किया जाय जिसकी पाठ्य सामग्री **"इग्नू"** में उपलब्ध हो और जिसकी पाठ्य सामग्री उपलब्ध न हो उन पाठ्यक्रमों का कोर्स यू०जी०सी० द्वारा प्रकाशित "कोर्स मानक" को दृष्टिगत रखते हुए विषय विशेषज्ञों की समिति की संस्तुति के आधार पर तैयार किया जाय।

बोर्ड ने यह भी निश्चय किया कि जहाँ पुस्तक बाजार से क्रय करके पाठ्य सामग्री के रूप में शिक्षार्थियों को देना अपरिहार्य हो वहाँ विषय विशेषज्ञों की अभिमत प्राप्त कर पुस्तक का चयन किया जाय। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु बोर्ड ने कुलपति को अधिकृत किया।

3. बोर्ड ने ऐसे कार्यक्रमों जहाँ पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं है अथवा छात्र संख्या नितान्त कम है, को समाप्त करने सम्बन्धी प्रश्न पर विचार किया।

निश्चय किया कि निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन सत्र 2002-2003 से सम्प्रति स्थगित किया जाय।

(i) Diploma in Indian Language (Bengali) {DCILB}

(ii) Diploma in Indian Languge (Marathi) {DCILM}

(iii) Diploma in Indian Languge (Tamil) {DCILT}

(iv) Diploma in Indian Languge (Urdu) {DCILU}

(v) Diploma in Sanskrit {DCS}

(vi) Diploma in Commercial Arts {DCA}

(vii) Diploma in Interior Designing {DID}

P.T.O.

4. बोर्ड ने नए कार्यक्रमों को सत्र 2002-2003 से प्रारम्भ करने सम्बन्धी प्रश्न पर विचार किया।

निश्चय किया कि सत्र 2002-2003 से निम्नलिखित कार्यक्रमों को प्रारम्भ किया जाय।

(i) Master of Library and Information Science (M.lib.Sc.)

(ii) Certificate Course in Human Rights

(iii) Certificate Course in Environmental Studies

(iv) Certificate Course in Consumer Protection

(v) Certificate Course in Labour Development

बोर्ड को अवगत कराया गया कि बी०एड० पाठ्यक्रम निम्नलिखित अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से संचालित किया जायेगा जहाँ बी०एड० का पठन-पाठन राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् (NCTE), जयपुर से अनुमोदित है :-

(i) गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

(ii) टी०डी० कालेज, जौनपुर

(iii) वी०एस०एस०डी० कालेज, कानपुर

(iv) हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

(v) आर०बी०एस० कालेज, आगरा

5. बोर्ड ने डी०सी०एम०टी के प्रायोगिक कार्यों के लिए भुगतान हेतु मानक बनाने सम्बन्धी प्रशन पर विचार किया।

निश्चय किया कि डी०सी०एम०टी० कोर्स के प्रायोगिक कार्यों हेतु पारिश्रमिक के भुगतान हेतु परिशिष्ट "क" में उल्लिखित मानक को स्वीकार किया जाय।

6. बोर्ड ने बी०एस०सी० प्रायोगिक कार्यों के लिए भुगतान हेतु मानक बनाने सम्बन्धी प्रश्न पर विचार किया।

निश्चय किया कि बी०एस०सी० कोर्स के प्रायोगिक कार्यों से सम्बन्धित पारिश्रमिक के भुगतान हेतु परिशिष्ट "ख" में उल्लिखित मानक को स्वीकार किया।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

डॉ०(ए०के० सिंह)
कुलसचिव